Govt.of MadhyaPradesh

मध्य प्रदेश शासन

Office of the Field Director

Panna Tiger Reserve

Panna, Madhya Pradesh, (India)

Phone No. +917732-252135 (O) **Fax,** +917732-252120

E-mail: fdptr82@gmail.com **Website:** www.pannatigerreserve.in

Panna Tiger Reserve

पन्ना टाईगर रिजर्व

प्रेस नोट

बफर क्षेत्र में अवैध शिकार के उद्देश्य से प्रवेश किये अपराधियों को बन्दूक एवं कारतूस सहित गिरफ्तार

——0——

दिनांक 18.01.2019 को पन्ना टाइगर रिजर्व के अकोला बफर क्षेत्र की बीट दक्षिण बांधी के कक्ष क्रमांक पी–407 में वन कर्मचारियों की गश्ती के दौरान सुबह करीबन 09.30 बजे शिकारियों के द्वारा बन्दूक चलाने की आवाज आई जिससे गश्ती दल द्वारा तत्काल शिकारियों को पकड़ने की घेराबंदी कर एक आरोपी को बन्दूक एवं कारतूस सहित पकड़ा गया शेष दो आरोपी मोटर सायकिल से फरार हो गये। आरोपियों के विरूद्ध वन अपराध प्रकरण क्रमांक 599/24 दिनांक 18.01.2019 पजीबद्ध किया गया। गिरफ्तार आरोपी भइयन गौंड़ वल्द सुखलाल गौंड़ उम्र 48 वर्ष निवासी इटवां कला पुलिस चौकी बराछ जिला पन्ना को न्यायालय में पेश किया गया जिसे जेल भेजा गया। इस कार्य में श्री महेन्द्र सिंह वन रक्षक बीट दक्षिण बांधी की अहम भूमिका रही। मौका स्थल का निरीक्षण क्षेत्र संचालक पन्ना टाइगर रिजर्व, सहायक संचालक पन्ना एवं परिक्षेत्र अधिकारी पन्ना द्वारा किया गया।

क्षेत्र संचालक

पन्ना टाईगर रिजर्व, पन्ना